राष्ट्रीय
सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण
नई दिल्ली। रविवार • 24 जुलाई • 2022 | राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com

स्कूलों में बोर्ड परीक्षा में अच्छे नतीजे से छात्रों की हुई सराहना

नई दिल्ली, (एसएनबी)। सीबीएसई के नतीजों में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए 10वी की बोर्ड परीक्षा में सफलता के नए कीर्तिमान बनाए। दसवीं कक्षा की छात्रा आंचल गुप्ता ने इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी विषय में शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर यह सिद्ध किया कि लड़कियां किसी से कम नही है।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों में तारुषि अग्रवाल 97%, आंचल गुप्ता 96.2% और लक्ष्य वर्मा 95% शामिल हैं। स्कूल की प्रधानाचार्य रुपा पाठक ने बताया कि विद्यालय के लिए यह गर्व का विषय है कि दसवी कक्षा के छात्रों ने पिछले 2 वर्षों में कोविड-19 महामारी की विपरीत परिस्थितियों में भी शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस परीक्षा में विद्यालय से 130 छात्रों ने भाग लिया और विभिन्न विषयों में 389 डिस्टींक्शन प्राप्त की और 130 में से 2 छात्रों ने 95% से अधिक, 11 छात्रों ने 90% से अधिक अंक, 50 छात्रों ने 80% से अधिक अंक, 70 छात्रों ने 75% से अधिक अंक व30 छात्रों ने 60 % से अधिक अंक प्राप्त किए। छात्रों ने उत्तम प्रदर्शन कर एक बार फिर विद्यालय का नाम रोशन किया। सीबीएसई द्वारा दसवी कक्षा के परिणाम में विवेक विहार स्थित अर्वाचीन स्कूल विन्सी कुशवाहा ने 491अंक प्राप्त करके पूरे स्कूल में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया और अपने स्कूल व माता-पिता का नाम रोशन किया। स्कूल में दसवीं कक्षा के342छात्रों ने परीक्षा में बैठने की उपस्थिति दर्ज कराई। इन बच्चों में से 108 बच्चों ने गणित में,139 ने विज्ञान में,199 ने सामाजिक ज्ञान में,196 ने अंग्रेजी में,206 ने हिंदी में विशेष उपलब्धि प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विन्सी कुशवाहा (गणित और विज्ञान), नूपुर जैन (अंग्रेजी) और चंद्र देव मिश्रा (सामाजिक विज्ञान) ने इन विषयों में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय को उच्चतम शिखर में प्रतिष्ठित कर दिया।